प्रेस प्रकाशनी **PRESS RELEASE**

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi

Website : www.rbi.org.in

ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

10 मई 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री आर. लक्ष्मी कांत राव को नए कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 09 मई 2024 से श्री आर. लक्ष्मी कांत राव को कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया।

कार्यपालक निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पूर्व, श्री राव विनियमन विभाग में प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।

श्री राव के पास भारतीय रिज़र्व बैंक में बैंकों और एनबीएफसी के विनियमन, बैंकों के पर्यवेक्षण तथा उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्रों में कार्य करने का तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने आरबीआई चेन्नई में बैंकिंग लोकपाल और लखनऊ में उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने विभिन्न समितियों और कार्य दलों के सदस्य के रूप में भी काम किया है और वे नीति निर्माण में योगदान देते रहे हैं।

कार्यपालक निदेशक के रूप में, श्री राव 1. निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम, 2. सूचना का अधिकार अधिनियम (एफएए), 3. संचार विभाग का कामकाज संभालेंगे।

श्री राव वाणिज्य में स्नातक हैं। उनके पास श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरूपति से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (वित्त) में स्नातकोत्तर डिग्री और टीआईआरएम (आईआईबीएफ) में डिप्लोमा है। वे आईआईबीएफ़ के प्रमाणित एसोसिएट भी हैं।

(योगेश दयाल)

मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/288